## एक नजर में

### सीढ़ी से फिसलकर युवक की मौत

**सोयतकलां, 10 नवंबर.** रविवार रात 8 .30 बजे चाणक चौक के समीप एक 30 वर्षीय युवक की सीढ़ी से फिसलने के कारण मौत हो गई. बता दें काम से लौटने के बाद बब्लू पिता राधेश्याम जाटव उम्र 30 वर्ष निवासी सोयतकलां छत पर सोने के लिए जा रहा था. सीढ़ी पर पैर रखते समय वह लड़खड़ा गया, जिससे वह जमीन पर गिर गया. जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई. परिजन उसे तुरंत नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए. वहां से घायल को जिला चिकित्सालय आगर रैफर किया. घायल की स्थिति चिंताजनक होने के कारण आगर अस्पताल से फिर उसे इंदौर रैफर किया, जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक कारीगरी का काम करता था. सोमवार को इंदौर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा. परिजन सोमवार शाम शव लेकर पहुंचे, तो नगर मे शोक की लहर छा गई. गमनीय माहौल मे युवक का अंतिम संस्कार किया, जिसमें बड़ी संख्या में रिश्तेदार, समाजजन शामिल हुए.

### बाल स्वयं सेवकों को बताया संघ का इतिहास



**शुजालपुर, 10 नवंबर.** शहर के सिटी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयं संघ के संयुक्त विद्यार्थी स्वयंसेवकों का पथ संचलन निकला. यह पथ संचलन सिटी क्षेत्र के हनुमानगढ़ी से प्रारंभ हुआ, जो सिटी क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से होता हुआ पुन: हनुमानगढ़ी परिसर पहुंचा, जहां पर पथ संचलन का समापन किया गया. इस पथ संचलन का मार्ग में कई स्थानों पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. पथ संचलन में बाल स्वयं सेवक गणवेश के साथ अनुशासित रूप से निकले. पथ संचलन के पूर्व बौद्धिक कार्यक्रम हुआ, जिसकी अध्यक्षता सैनिक तेज सिंह राजपूत ने की. संघ प्रचारक शुभम सोनेर ने बौद्धिक सत्र में बाल स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए संघ के इतिहास व कार्य पद्धति से अवगत कराते हुए बताया कि वीर छत्रपति शिवाजी ने किस तरह बाल अवस्था से ही स्वराज की स्थापना की नींव रखी थी, मंच पर अर्पण व्यास भी मौजूद रहे.

### शुजालपुर में करणी सेना निकालेगी न्याय यात्रा



**शुजालपुर, 10 नवंबर.** सर्व समाज व करणी सेना शुजालपुर द्वारा 15 नवम्बर को शुजालपुर में न्याय यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें करणी सेना परिवार प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर विशेष रूप से मौजूद रहेगे. करणी सेना तहसील अध्यक्ष शुजालपुर राजपाल सिंह सिसोदिया ने बताया कि इस न्याय यात्रा में 21 सूत्रीय मांगे शासन के समक्ष रखी जाएगी, जिसमें हरदा में हुए लाठी चार्ज की न्यायिक जांच तथा दोषियों पर कार्यवाही के साथ देवास व हरदा में दर्ज हुए झूठे प्रकरणों को वापस लेने, ईडब्लूएस आरक्षक में भूमि और मकान की बाध्यता समाप्त करने तथा वार्षिक आय 8 लाख रुपए को आधार मानने, आरक्षक प्रणाली को पुरी तरह आर्थिक आधार पर लागू करने तथा जो परिवार एक बार आरक्षक का लाभ ले चुका है उन्हे पुन: लाभ न मिले सहित अन्य मांगे इस न्याय यात्रा के माध्यम से रखी जाएगी. शुजालपुर में होने वाले इस भव्य कार्यक्रम को लेकर करणी सेना परिवार द्वारा क्षेत्र में सम्पर्क किया जा रहा है. इस कार्य में महिला टीम भी सक्रिय है. करणी सेना महिला इकाई जिला अध्यक्ष अनीता नरेंद्र सिंह, शोभा सिसोदिया, ममता जादौन, शारदा गहलोत, राखी गहलोत, मायावेश, किरण कुशवाहा, पूनम ठाकुर, ज्योति राजपूत, निशा चावड़ा, नेहा शक्तावत, कृतिका तोमर, पुष्पा राजपूत, प्रियंका तोमर, कृष्णा राजपूत, मानकुंवर, जय पवार, मेगा पावर, नंदकुंवर, ज्योति सांखला आदि सदस्य आयोजन को लेकर जन सम्पर्क कर रहे है.

### यौन हिंसा रोकथाम के लिए जानकारी दी




**शुजालपुर, 10 नवंबर.** पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपालसिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, एसडीओपी निमेष देशमुख के नेतृत्व मे थाना प्रभारी शुजालपुर सिटी द्वारा सामुदायिक पुलिस योजना के तहत जिम्मेदार मर्दानगी अभियान पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया. जिसमे एसडीओपी शुजालपुर निमेष देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व शहरी रक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे. उन्हें योन हिंसा रोकथाम को लेकर जन साहस संस्थान शाजापुर से संदीप अस्तया एवं आरती सोलंकी ने जानकारी दी गई. शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में हिंसा लैंगिक असमानता तथा महिला एवं बाल हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाना और पुरुषो की जिम्मेदार भुमिका पर जोर देना था. प्रशिक्षण के दौरान ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यो तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियो.कर्मचारियो को प्राथमिक उपचार और सीपीआर कॉर्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन का प्रशिक्षण दिया. इसमें आकस्मिक स्थिती में घायल व्यक्ति को तत्काल सहायता प्रदाने करने की बारिकियां सिखाई गई. कार्यक्रम में शुजालपुर अनुभाग के अंतर्गत आने वाले थाने से ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों ने भाग लिया. शिविर में पुलिस अधिकारियों ने समाज में महिला सुरक्षा और समानता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की अपील की. उन्होने सामुदायिक पुलिसिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जिसमे समाज में बेहतर समन्वय और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. ब्लैक स्पाट के आसपास के रहवासियों को किया जागरूक लगातार हादसे सामने आने वाले घटना स्थल ब्लैक स्पाट के आसपास के रहवासियो को सीपीआर बीएसएस संबंधी प्रशिक्षण दिया गया. जागरुकता कार्यक्रम में ब्लैक स्पाट के आसपास के रहवासियो के साथ ही डायल 112 एफआरवी के राईडर और सपोर्ट स्टाफ भी शामिल रहा.

# गुलाबी पत्थरों से संवरेगा मां राजराजेश्वरी का सभा मंडप

## श्री अयोध्या धाम की तर्ज पर की जाएगी नक्काशी, चैत्र नवरात्रि से पहले दिखेगा भव्य रूप

**शाजापुर, 10 नवंबर. अतिप्राचीन मां राजराजेश्वरी मंदिर प्रांगण में सभामंडप के विस्तार का अधूरा कार्य पुन: प्रारंभ किया जा रहा है. खास बात यह है कि मंदिर के सभामंडप का निर्माण श्री अयोध्या धाम की तर्ज पर गुलाबी पत्थरों से किया जाएगा. ये गुलाबी पत्थर राजस्थान से माता मंदिर प्रांगण में पहुंचना भी प्रारंभ हो गए हैं. अब दो माह तक इन पत्थरों पर नक्काशी की जाएगी. इसके बाद प्रयास रहेगा कि चैत्र नवरात्रि से पहले सभामंडप का कार्य पूर्ण हो सके.**



उल्लेखनीय है कि मां राजराजेश्वरी मंदिर का विकास 4 करोड़ रुपए से किया जा रहा है. इसमें माता मंदिर के पीछे संत निवास बनाए गए हैं. पूरे मेला प्रांगण में बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया गया. पुष्प विक्रेताओं के लिए दुकानों का निर्माण किया गया और अब मेला प्रांगण का समतलीकरण किया जा रहा है. इसके साथ ही मंदिर के सभामंडप का पुनर्निर्माण कराने के लिए विधायक अरुण भीमावद द्वारा 1 करोड़ रुपए की राशि दी गई, जिससे सभामंडप का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया. शारदीय नवरात्रि के पहले संबंधित ठेकेदार द्वारा पुराने सभामंडप के आसपास नए सभा मंडप के हिसाब से ओटले की चौड़ाई बढ़ा दी गई थी, लेकिन फिर नवरात्रि के चलते कार्य रोकना पड़ा. इसके बाद अब फिर से सभामंडप का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है. प्रयास किया जा रहा है कि चैत्र नवरात्रि के पहले इसका निर्माण पूर्ण हो जाए.



### 1.28 करोड़ की राशि दी विधायक ने...

मंदिर के सभामंडप और मंदिर प्रांगण में बनाए गए डोम के विकास के लिए विधायक भीमावद ने 1 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि दी है. इसमें से 28 लाख रुपए की राशि से मंदिर प्रांगण में बनाए गए डोम में नक्काशीदार मेहराब लगाई गई है. बैठने के लिए बनाए गए स्थान पर पत्थर लगवाए गए हैं. इसके साथ ही पूरे डोम का रंग रोगन और फिनिशिंग की गई है. शेष 1 करोड़ रुपए की राशि से अब सभामंडप का विस्तार कार्य किया जा रहा है.

### पत्थरों पर नक्काशी कर लगाए जाएंगे पिलर

सभामंडप के विस्तार के बाद यहां पर जो पिलर लगाए जाएंगे, उन्हें गुलाबी पत्थरों से बनाया जाएगा. इसके लिए पत्थर माता मंदिर प्रांगण में पहुंचने लगे हैं. पिलर पर मंदिर प्रांगण में नक्काशी की जाएगी. इसके बाद पिलर लगाए जाएंगे. जिससे मंदिर का सभामंडप और भव्यता लिए हुए दिखाई देगा. प्रयास है कि चैत्र नवरात्रि के तक इसका कार्य पूर्ण करने के लिए समय-सीमा तय की गई है. सभामंडप का निर्माण होने से पहले की अपेक्षा इसका आकार बढ़ जाएगा, जिससे मंदिर का स्वरूप और वृहद दिखाई देने लगेगा.

### इनका कहना है

*अयोध्या के श्रीराम मंदिर में जिस तरह के गुलाबी पत्थर लगाए गए हैं. उसी तरह के पत्थरों से माता मंदिर के सभामंडप का निर्माण होगा. दो माह में सभी पत्थरों पर नक्काशी का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा. इसके बाद प्रयास रहेगा कि चैत्र नवरात्रि के पहले सभामंडप का पूरा निर्माण हो सके.*

***- पं. आशीष नागर, पुजारी, मां राजराजेश्वरी माता मंदिर, शाजापुर***

# सीएम करेंगे 8 हजार करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

## 14 नवंबर को मक्सी को मिलेगी औद्योगिक प्लांट व फोरलेन रोड की सौगात

**मक्सी, 10 नवंबर. पाटीदार धर्मशाला में रविवार शाम मक्सी भाजपा मंडल की बैठक आयोजित हुई. बैठक का उद्देश्य 14 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मक्सी आगमन, 8 हजार करोड़ के भूमिपूजन कार्यक्रम, आमसभा और रोड शो को भव्य एवं सफल बनाना रहा.**



बैठक में मक्सी, देवास एवं उज्जैन जिले की सीमा से लगे गांवों के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, मक्सी भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल, महामंत्री सुनील नानू पंड्या, महामंत्री मोडसिंह लोधी, मंडल मंत्री दयाराम मंडलोई, कृष्णा भावसार, मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता, कनासिया मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनानिया, अभिनेता अजय गुप्ता, टोंक नगर मंडल अध्यक्ष जीतू मंडलोई, विष्णु पाटीदार, तराना ग्रामीण मंडल अध्यक्ष आंजना, दिलीप लोधी, अमित सोनी, पवन परिहार, मनोज पटेल, मनोज पाटीदार, मनोहर लश्कन, रामप्रसाद पाटीदार, जुगल किशोर भावसार, अशोक लोधी, पवन केरवाल सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे. बता दें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 नवंबर को मक्सी में 8000 करोड़ की लागत वाले जैक्सन औद्योगिक प्लांट, मक्सी-उज्जैन फोरलेन रोड लागत 273 करोड़ 45 लाख तथा मक्सी नगर फोरलेन रोड लागत 33 करोड़ 71 लाख का भूमिपूजन करेंगे.

# क्रिकेटर क्रांति गौड़ का सम्मान किया



**मक्सी, 10 नवंबर. राष्ट्रीय लोधी महासभा के प्रदेश प्रवक्ता लोधी राधेश्याम देवड़ा के नेतृत्व में मक्सी से लोधी समाजजन अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ के निवास ग्राम घुवारा जिला छतरपुर पहुंचे.**

यहां समाजजनों ने क्रांति गौड़ का सम्मान कर पिता एवं भाई से भी मुलाकात की. इस दौरान उत्तमसिंह लोधी, विश्राम सिंह लोधी, अंतरसिंह देवड़ा, विक्रम सिंह लोधी, संजय सिंह देवड़ा, सतेंद्र सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे.

# मुखबीर की सूचना पर मिली पुलिस को सफलता

**शाजापुर, 10 नवंबर.** शुजालपुर मंडी पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से पुलिस ने 4 लाख 64 हजार का माल जब्त किया है. पुलिस ने बदमाशों को न्यायालय में पेश किया. जानकारी के अनुसार 1 सितंबर को फरियादी चन्दर सिंह पता गोरेलाल परमार निवासी शुजालपुर मंडी ने शिकायत की कि अज्ञात आरोपी घर में घुस कर सोने की झुमकी मंगलसूत्र व 03 अंगूठी व चांदी की पायल तथा 50 हजार नगदी चुरा ले गए. एसपी यशपालसिंह राजूपत व एएसपी घनश्याम मालवीय के निर्देशन में अपराध में चोरी गए मश्रुका एवं आरोपियों कि गिरफ्तारी करने हेतु थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी शिवकुमार यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी. गठित टीम के द्वारा आरोपी अरूडा उर्फ अरूदा पिता प्रकाश सिसोदिया उम्र 42 साल निवासी ग्राम गुलखेड़ी थाना बोड़ा जिला राजगढ़ को न्यायालय शुजालपुर से पीआर पर लिया. आरोपी से 4 लाख 64 हजार रुपए का माल जप्त कर पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया. अन्य अपराधी खडक सिंह, अर्जुन सिंह, दया, करणसिंह निवासी ग्राम खनिअंम्बा थाना टांडा जिला धारा की तलाश जारी है.

# लैंड पूलिंग एक्ट का विरोध, नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर, 10 नवंबर. भारतीय किसान संघ ने शाजापुर में अपनी जिला बैठक का आयोजन किया. इस अवसर पर राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती के उपलक्ष्य में एक रक्तदान शिविर भी लगाया गया. कार्यक्रम के बाद, किसानों ने लैंड पूलिंग एक्ट के विरोध में शाजापुर कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार नाहिद अंजुम को सोमवार शाम 4 बजे करीब ज्ञापन सौंपा.**

सोमवार को पुरानी सब्जी मंडी टंकी चौराहा पर आयोजित इस बैठक में संघ के 14 कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया. शाजापुर कलेक्टर भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं. कलेक्टर ने किसानों को संबोधित करते हुए समाज सेवा में उनकी भूमिका की सराहना की. उन्होंने रक्तदान करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए. रक्तदान शिविर के पश्चात भारतीय किसान संघ द्वारा एक बाइक रैली निकाली जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची. कलेक्टर कार्यालय में किसानों ने लैंड पूलिंग एक्ट के विरोध में जिला कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार नाहिद अंजुम को ज्ञापन सौंपा. संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह एक्ट किसानों के हितों के विपरीत है, क्योंकि इसमें सिंहस्थ 2028 के लिए किसानों की जमीन पर स्थायी निर्माण किया जाना है. जिसका किसान संघ लगातार विरोध कर रहा है. उन्होंने कहा कि प्रशासन अब नए तरीके से किसानों की जमीन हड़पने की कोशिश कर रहा है. इसके विरोध में उनका आंदोलन जारी रहेगा, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### ट्रैक्टर ने मारी ऑटो को टक्कर, ऑटो चालक सहित 6 छात्राएं घायल

**शाजापुर, 10 नवंबर.** अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं देने आ रही 6 छात्राएं सोमवार को हादसे का शिकार हो गई. सभी छात्राएं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की थी जो अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं देने ऑटो से गांव मझानिया से शाजापुर आ रही थी. इस ऑटो को ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी थी.

# नवंबर की सर्दी ने दिलाई दिसंबर की याद

## 9 डिग्री से भी कम हुआ रात का तापमान

**शाजापुर, 10 नवंबर. पहाड़ों की बर्फबारी व पश्चिमी विक्षोभ के कारण नगर का तापमान लगातार कम होता जा रहा है. जिससे लोगों को नवंबर माह में ही दिसंबर की सर्दी का एहसास होने लगा है. मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में हवाओं की गति बढ़ने के साथ ही तापमान में और गिरावट होगी.**



हालांकि दिन में तीखी धूप खिलने से हल्की गर्मी जरूर महसूस हो रही है, लेकिन सूरज ढलते ही लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है. मौसम में हो रहे इस परिवर्तन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोमवार को नगर का अधिकतम तापमान 27.1 व न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री दर्ज किया गया जो रविवार को 27.2 व 9.7 डिग्री दर्ज किया गया था. मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि कुछ दिन मौसम ऐसा ही बना रहेगा. संभावना है आगामी दिनों में तापमान 7 या 6 डिग्री भी जा सकता है.

### सुबह से चल रही सर्द हवाएं

इसके एक सप्ताह पहले तक दिन में गर्मी का एहसास हो रहा थाए लेकिन मौसम में आए अचानक बदलाव से अब लोगों को कड़ाके की ठंड महसूस होने लगी है. सोमवार सुबह से ही ठंडी हवाओं ने सर्दी का असर बढ़ा दिया. दोपहर में हल्की धूप से थोड़ी जरूर मिल रही है, लेकिन शाम होते ही फिर ठंड से लोगों को ठिठुरना पड़ रहा है.

### इसलिए सर्द हुआ मौसम...

मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि तापमान में यह गिरावट पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई है. तापमान में गिरावट के कारण सुबह .शाम ठंड का प्रकोप बढ़ गया है. शहर के बाहरी इलाकों में घना कोहरा भी देखा जा रहा है. जिससे विजिब्लिटी कम हो गई है और लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. यह विक्षोभ हिमाचल प्रदेश के ऊपर पश्चिमी हवाओं के ट्रफके रूप में सक्रिय है, जिसके चलते हिमाचल और उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई है. विशेषज्ञ ने यह भी बताया कि बर्फबारी के बाद चल रही ठंडी हवाओं का असर शाजापुर सहित पूरे मालवा क्षेत्र में महसूस किया जा रहा है. आगामी 24 घंटों में मौसम शुष्क रहने के साथ तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक और गिरावट आने की संभावना है.

## एक नजर में

### रातभर चला सर्चिंग अभियान, 27 होटल, लॉज, ढाबे पर भी की जांच

# आधी रात को सड़क पर उतरे 350 पुलिसकर्मी, 46 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**शाजापुर, 10 नवंबर. पुलिस ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात जिलेभर में एक व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया. इसमें जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी और थाना स्तर के 350 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल हुए. पुलिस अधीक्षक ने टीमों को रवाना करने से पहले ब्रीफिंग दी. वरिष्ठ अधिकारियों ने रातभर विभिन्न थाना क्षेत्रों का दौरा कर अभियान की निगरानी की.**



गश्त के दौरान पुलिस ने 46 स्थायी वारंटियों और 71 गिरफ्तारी वारंटों को तामील किया. इसके अतिरिक्त, 4 जिला बदर अपराधियों और 137 गुंडा, हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की चेकिंग की गई. आबकारी अधिनियम के तहत 6 प्रकरण दर्ज किए गए, जबकि थाना सुनेरा ने दो अन्य अपराधों में आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने रात मे ही 27 होटल, लॉज, ढाबे और धर्मशालाओं की भी जांच की. वहीं बैंक, एटीएम और संवेदनशील स्थलों पर भी सतर्कता बढ़ाई गई. पुलिस टीमों ने सक्रिय बदमाशों, जेल से रिहा हुए अपराधियों और संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों पर पहुंचकर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली. उन्हें चेतावनी दी गई कि किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. गुंडा, हिस्ट्रीशीटर रिकॉर्ड को अद्यतन कर उनकी सतत निगरानी भी सुनिश्चित की गई.

### निरंतर जारी रहेगा अभियान...

एसपी यशपालसिंह राजपूत ने कहा कि शाजापुर पुलिस जनता की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सक्रिय है. अपराधियों पर सतत निगरानी और ठोस कार्यवाही हमारी प्राथमिकता है. जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु इसी प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे.